धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे के बाद इंदौर में मनाया जश्न

- 26 दिन के छात्र आंदोलन का हुआ समापन
- छात्रों ने किया नृत्य, मिठाइयां बांटी, पटाखे फोड़े

नवभारत न्यूज

इंदौर. नीट पेपर लीक मामले को लेकर पिछले 26 दिनों से इंदौर के भंवरकुआं चौराहे पर चल रहा छात्र आंदोलन उस समय उत्सव में बदल गया, जब केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की खबर आंदोलनकारियों तक पहुंची. खबर मिलते ही धरना स्थल पर मौजूद छात्र-छात्राओं ने ढोल-नगाड़ों की थाप पर नृत्य किया, मिठाइयां बांटी, पटाखे फोड़े और एक-दूसरे को बधाई देकर अपनी खुशी का इजहार किया. आंदोलनकारियों ने इसे छात्रों के लंबे संघर्ष और लोकतांत्रिक आंदोलन की जीत बताया.

भंवरकुआं चौराहा पिछले 26 दिनों से नीट पेपर लीक मामले को लेकर छात्रों के आंदोलन का प्रमुख केंद्र बना हुआ था. दिल्ली के जंतर-मंतर की तर्ज पर यहां दिन-रात धरना, प्रदर्शन और सतत अनशन जारी था. छात्रों की मुख्य मांग केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे, पेपर लीक की निष्पक्ष जांच तथा देश की परीक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की थी. बिना किसी राजनीतिक दल के शुरू हुआ आंदोलनइस आंदोलन की शुरुआत पवन अहिरवार, अरुण बड़ोले सहित कुछ युवाओं ने बिना किसी राजनीतिक दल, संगठन अथवा बैनर-पोस्टर के की थी. धीरे-धीरे बड़ी संख्या में छात्र, अभिभावक, सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न वर्गों के लोग आंदोलन से जुड़ते गए. आंदोलनकारियों ने समय-समय पर कलेक्टोरेट तक रैली निकालकर प्रशासन के माध्यम से अपनी मांगें केंद्र सरकार तक पहुंचाने का प्रयास भी किया.

इस्तीफे की खबर मिलते ही बदला माहौल

केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की सूचना मिलते ही धरना स्थल पर मौजूद छात्रों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला. हल्की बारिश के बावजूद बड़ी संख्या में छात्र, युवा, महिलाएं और बुजुर्ग मौके पर पहुंचे. ढोल-नगाड़ों की गूंज के बीच छात्रों ने नारे लगाए, राष्ट्रगीत गाए और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर अपनी खुशी साझा की. राहगीरों ने भी रुककर आंदोलनकारियों को बधाई दी और उनके उत्सव में शामिल हुए. कुछ समय बाद अधिकांश आंदोलनकारी खुशी मनाने के बाद अपने घर लौट गए, जिससे धरना स्थल लगभग खाली हो गया.

छात्रों ने की शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग

हालांकि आंदोलनकारियों ने इस्तीफे की खबर पर खुशी व्यक्त की, लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी लड़ाई केवल किसी एक व्यक्ति के खिलाफ नहीं बल्कि पूरी परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता और जवाबदेही स्थापित करने के लिए है. छात्रों ने मांग की कि भविष्य में किसी भी प्रतियोगी परीक्षा में पेपर लीक जैसी घटनाएं न हों, इसके लिए कठोर कानून बनाए जाएं और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए.

यह बोले आंदोलनकारी...

आंदोलन के प्रमुख चेहरों में शामिल अरुण बड़ोले ने कहा कि 26 दिनों तक 24 घंटे धरने पर बैठकर छात्रों ने लोकतांत्रिक तरीके से अपनी आवाज बुलंद की. उन्होंने आंदोलन से जुड़े सभी छात्रों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और मीडिया का आभार व्यक्त करते हुए इसे छात्रों की ऐतिहासिक जीत बताया.

माही शर्मा ने कहा कि जैसे ही इस्तीफे की खबर मिली, सभी छात्र खुशी से झूम उठे. उनके अनुसार यह जीत उन सभी छात्रों की है जिन्होंने दिन-रात आंदोलन में भाग लेकर अपनी आवाज बुलंद की.

अखिलेश राणा ने कहा कि दिल्ली से लेकर इंदौर तक छात्रों और युवाओं ने जिस एकजुटता के साथ संघर्ष किया, उसी का परिणाम आज सामने आया है. उन्होंने इसे देशभर के छात्रों की जीत बताया.

शकुन्तला मंसारे ने कहा कि यह लड़ाई पूरी तरह छात्रों के अधिकारों और भविष्य की थी. इसलिए इस जीत का वास्तविक श्रेय भी छात्रों को ही जाता है.

यश ढाकसे ने कहा कि नीट पेपर लीक के बाद कई राज्यों से अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं में भी पेपर लीक की खबरें सामने आईं. ऐसे में शिक्षा व्यवस्था में जवाबदेही तय होना आवश्यक था.

एडवोकेट अनिल विद्याराणा ने कहा कि छात्रों के अथक परिश्रम और शांतिपूर्ण आंदोलन ने लोकतंत्र में जनआवाज की शक्ति को साबित किया है. उन्होंने कहा कि इस जीत ने कई आंदोलनकारियों की आंखें नम कर दीं.

अरुणा विश्वकर्मा ने कहा कि शिक्षा मंत्री के इस्तीफे के बाद छात्रों में नया उत्साह है और अब यह आंदोलन अपने उद्देश्य की पूर्ति के साथ समाप्त होता दिखाई दे रहा है.

चंदन मुवेल ने कहा कि यह उन अभिभावकों और छात्रों के संघर्ष का सम्मान है, जो पेपर लीक जैसी घटनाओं से प्रभावित हुए. उन्होंने कहा कि छात्रों के भविष्य की सुरक्षा के लिए शिक्षा व्यवस्था में व्यापक सुधार आवश्यक है.

नगर निगम, वन विभाग मिलकर करेंगे बड़े स्तर पर पौधारोपण

- दातूनी पहाड़ी और गुलमर्ग परिसर में लगेंगे पौधे
- निगमायुक्त ने पौधारोपण स्थलों का किया निरीक्षण

नव भारत न्यूज

इंदौर. नगर निगम एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत शहर में बड़े स्तर पर हरित क्षेत्र विकसित करने की तैयारी कर रहा है। उक्त अभियान को लेकर निगम आयुक्त ने आज दातूनी पहाड़ी (देव गुराड़िया) एवं गुलमर्ग परिसर में प्रस्तावित पौधारोपण स्थलों का जायजा लिया.

निगम आयुक्त क्षितिज सिंघल ने आज दातूनी पहाड़ी (देव गुराड़िया) पर पौधारोपण स्थल का निरीक्षण किया. उक्त पहाड़ी पर नगर निगम एवं वन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से 83 हेक्टेयर से ज्यादा जमीन पर पौधारोपण किया जाएगा। इसके बाद आयुक्त ने गुलमर्ग परिसर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना के पीछे करीब 18 एकड़ जमीन का भी निरीक्षण किया. उक्त स्थल पर भी बड़े स्तर पर पौधारोपण कर हरियाली विकसित करने की योजना है. आयुक्त ने पौधारोपण से पहले जमीन का समतलीकरण, गड्ढों की खुदाई, सिंचाई व्यवस्था, सुरक्षा हेतु फेंसिंग तथा पौधों के लंबे समय तक संरक्षण की व्यवस्था करने के अधिकारियों को निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि उक्त दोनों स्थानों को शहर के महत्वपूर्ण हरित क्षेत्रों में विकसित किया जाएगा. इससे पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता संवर्धन तथा भू-क्षरण की रोकथाम में सहायता मिलेगी. निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त श्रृंगार श्रीवास्तव, कार्यपालन यंत्री शांतिलाल यादव सहित नगर निगम एवं उद्यान विभाग के अधिकारी उपस्थित थे.

एक नजर में

हिंदुस्तान जिंक का पहली तिमाही में रिकॉर्ड प्रदर्शन

इंदौर. हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026-27 की शुरुआत अब तक के सबसे शानदार पहली तिमाही के प्रदर्शन के साथ की. कंपनी ने परिचालन से 13,747 करोड़ रुपए का अब तक का सबसे अधिक तिमाही राजस्व दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 77% अधिक है. वहीं, 8,074 करोड़ रुपए का अब तक का सबसे अधिक तिमाही एबिट्डा दर्ज किया, जिसमें 109% की वृद्धि हुई. कंपनी का शुद्ध लाभ भी 5,469 करोड़ रुपए के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा, जो साल-दर-साल 145% अधिक है. मुख्य कार्यकारी अधिकारी अरुण मिश्रा ने कहा हमने इस साल की शुरुआत शानदार प्रदर्शन के साथ की है. लगातार पांचवें साल पहली तिमाही में 268 किलो टन का अब तक का सबसे अधिक खनन धातु उत्पादन दर्ज किया है. यह हमारी मजबूत उत्पादन क्षमता और बेहतर कामकाज का परिणाम है. हमारी नई पहलें उत्पादन बढ़ाने में मदद कर रही हैं और दुनिया के सबसे कम लागत वाले जस्ता उत्पादकों में हमारी स्थिति को और मजबूत बना रही हैं.

मारुति सुजुकी ने न्यू ब्रेजा टर्बो बूस्टरजेट लॉन्च की

इंदौर. मारुति सुजुकी ने युवा भारत के लिए रोमांचक ड्राइविंग परफॉरमेंस देने वाली न्यू ब्रेजा टर्बो बूस्टरजेट को लॉन्च करने की घोषणा की है. आज के बहुआयामी ग्राहकों को ध्यान में रखते हुए डिज़ाइन की गई न्यू ब्रेजा उनके जीवन के हर पहलू में मौजूद विभिन्न व्यक्तित्वों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है. यह युवा ट्रेंडसेटर्स के लिए इंजीनियर किया गया है, जो जीवन के हर पहलू में मस्ती और निडरता की तलाश करते हैं. लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड के सीनियर एग्जीक्यूटिव ऑफिसर, मार्केटिंग एंड सेल्स पार्थो बनर्जी ने कहा न्यू ब्रेजा एक ऐसी एसयूवी है जो वास्तव में युवा भारत की आकांक्षाओं के साथ गहराई से जुड़ी हुई है. न्यू ब्रेजा टर्बो बूस्टरजेट के साथ हम ड्राइविंग के रोमांच का एक नया आयाम जोड़ रहे हैं जो युवा भारत की ऊर्जा और वाइब से पूरी तरह मेल खाता है. न्यू ब्रेजा को ग्राहकों की अलग-अलग प्राथमिकताओं को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, क्योंकि यह उनके विभिन्न मूड और अवसरों के अनुकूल आसानी से ढल जाती है.

लॉक अप में हिना और उर्फी बनीं जनता की आवाज

इंदौर. नेटफ्लिक्स के कैप्टिव रियलिटी शो 'लॉक अप : सच या सज़ा' का रोमांच और अधिक बढ़ने वाला है क्योंकि 'जजमेंट डे' पर 'जनता की आवाज़' के रूप में हिना खान और उर्फी जावेद दिखाई देने वाली हैं. ये दोनों मिलकर कंटेस्टेंट्स से मुश्किल सवाल पूछेंगी, उनके गेम और रणनीति पर खुलकर बात करेंगी और उनके बारे में अपनी बेबाक राय भी देंगी। यानी अब इस शो में जनता की आवाज़ बनकर हिना और उर्फी कैदियों को आईना दिखाती नजर आएंगी. उर्फी ने कहा कि कैदियों से बात करके मुझे बहुत अच्छा लगा. मैं अगले सीज़न में इस शो का हिस्सा बनना चाहूँगी. श्रेया और शिल्पा मुझे सबसे ज्यादा पसंद हैं. हालांकि, मुझे कभी-कभी आकांक्षा चौधरी भी अच्छी लगती हैं. साथ ही मुझे लगता है कि सूफी में भी बहुत कुछ करने की क्षमता है. हिना खान के साथ शो होस्ट करने को लेकर उर्फी ने बताया कि मैं हमेशा से हिना खान की फैन रही हूं। वह बहुत अच्छी हैं.

बिरला की जून तिमाही में सीमेंट बिक्री 5% बढ़ी

इंदौर. बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने, 98% का उच्चतम क्षमता उपयोग (हाई कैपेसिटी यूटिलाइज़ेशन) बनाए रखते हुए, जून तिमाही में सीमेंट की बिक्री को 5.05 मिलियन टन (एमटी) तक बढ़ाया है. ऐसा महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, बिहार और राजस्थान जैसे राज्यों में ट्रेड सेगमेंट में लगातार बढ़त के कारण हुआ. इस तिमाही में कंपनी का रेवेन्यू 2,669 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले 7% ज़्यादा है. वहीं, 116 करोड़ रुपये का शुद्ध लाभ सीमेंट की बिक्री से कम कमाई (रियलाइज़ेशन) और बिजली व ईंधन की लागत बढ़ने को दिखाता है. जून तिमाही में सीमेंट की मांग में थोड़ी बढ़ोतरी हुई, जिसमें मई के दूसरे हिस्से से तेज़ी आई. इसका मुख्य कारण इंफ्रास्ट्रक्चर पर सरकारी खर्च था. लेकिन सीमेंट की कीमतें दबाव में रहीं- मार्केट शेयर के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा के कारण अप्रैल-मई में की गई कीमतों में बढ़ोतरी को जून में वापस लेना पड़ा. कंपनी की पूरी तरह से अपनी सब्सिडियरी, आरसीसीपीएल प्राइवेट लिमिटेड की कुंदनगंज और मुकुटबन यूनिट्स से बिक्री पिछले साल की इसी अवधि के मुकाबले क्रमश : 26% और 12% बढ़ी.

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने पेश किया विकास का रोडमैप

रायपुर में आयोजित एनडीटीवी इमर्जिंग छत्तीसगढ़ कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि राज्य सरकार ने अवैध धर्मांतरण रोकने के लिए सख्त कानून लागू किया है. 1 जुलाई से प्रभावी इस कानून के तहत बहला-फुसलाकर या लालच देकर धर्मांतरण कराने वालों पर कड़ी कार्रवाई और सजा का प्रावधान है. उन्होंने कहा कि गलत तरीके से धर्मांतरण कराने वालों को किसी भी कीमत पर नहीं छोड़ा जाएगा. साथ ही, समान नागरिक संहिता के लिए समिति गठित की जा चुकी है और सरकार का लक्ष्य शीतकालीन सत्र तक इसे लागू करना है. रोजगार पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ढाई साल में 20 हजार से अधिक लोगों को सरकारी नौकरियां दी गई हैं और सभी विभागों में भर्ती प्रक्रिया जारी है. 5 हजार शिक्षकों की भर्ती भी जल्द पूरी होगी। उन्होंने दावा किया कि राज्य में 8 लाख करोड़ रुपये के निवेश से निजी क्षेत्र में भी बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर बन रहे हैं. उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि पिछली सरकार के एमओयू धरातल पर नहीं उतरे.

नगर निगम इंजीनियरों को मिली पदोन्नति

सहायक यंत्री बने कार्यपालन यंत्री और उपयंत्री

नव भारत न्यूज

इंदौर. नगर निगम में वर्षों से लंबित इंजीनियरो की पदोन्नति आखिर हो गई. उक्त निर्णय मेयर-इन-काउंसिल ने उपयंत्री (सिविल) से सहायक यंत्री (सिविल) तथा तीन सहायक यंत्रियों को कार्यपालन यंत्री के पद पर पदोन्नति देने की स्वीकृति दे दी है.

आज पदोन्नति आदेश जारी होने के बाद सभी अधिकारी नगर निगम सचिवालय पहुंचे. महापौर पुष्यमित्र भार्गव से सौजन्य भेंट कर आभार जताया। इस दौरान महापौर ने सभी अधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि पदोन्नति केवल अधिकार नहीं, बल्कि शहर के विकास कार्यों को गति देने और नागरिकों की अपेक्षाओं पर खरा उतरने की जिम्मेदारी बढ़ गई है. ध्यान रहे कि 20 जुलाई 2026 को एमआईसी की बैठक में मध्यप्रदेश लोक सेवा पदोन्नति नियम-2025 के तहत विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा पर निर्णय लिया गया. उपलब्ध रिक्त पदों और वरिष्ठता सूची के आधार पर उपयंत्रियों को सहायक यंत्री पद पर पदोन्नति की स्वीकृति दी गई. इसके साथ ही तीन सहायक यंत्रियों को कार्यपालन यंत्री पद पर पदोन्नत करने का भी निर्णय लिया गया.

पीयूष ने जीता स्टेट स्नूकर चैंपियनशिप खिताब

- फाइनल में इंदौर के रितिक जैन को 4-2 से हराया
- नेहरू स्टेडियम में हुआ पुरस्कार वितरण समारोह

इंदौर. मध्य प्रदेश बिलियर्ड्स एंड स्नूकर एसोसिएशन के तत्वावधान में नेहरू स्टेडियम स्थित बिलियर्ड्स अकादमी में आयोजित 40वीं एमपी स्टेट स्नूकर चैंपियनशिप के सीनियर वर्ग का खिताब भोपाल के पीयूष कुशवाह ने अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में उन्होंने इंदौर के रितिक जैन को 4-2 (63-09, 73-54, 72-59, 49-70, 34-72, 57-14) से पराजित कर राज्य चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया,

फाइनल में पीयूष ने शुरुआत से ही शानदार प्रदर्शन करते हुए लगातार तीन फ्रेम जीतकर बढ़त बना ली। इसके बाद रितिक जैन ने चौथे और पांचवें फ्रेम जीतकर मुकाबले में वापसी की कोशिश की, लेकिन निर्णायक छठे फ्रेम में पीयूष ने अपने अनुभव और सटीक खेल का प्रदर्शन करते हुए रितिक को कोई मौका नहीं दिया और मैच अपने नाम कर लिया.

इससे पहले खेले गए सेमीफाइनल मुकाबलों में पीयूष कुशवाह ने भोपाल के अनुराग गिरी को 4-2 से हराया, जबकि रितिक जैन ने भोपाल के सौरभ श्रीवास्तव को 4-1 से पराजित कर फाइनल में जगह बनाई. चैंपियनशिप के समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह में मध्य प्रदेश बिलियर्ड्स एंड स्नूकर एसोसिएशन के चेयरमैन भोलू मेहता, भारतीय बिलियर्ड्स एंड स्नूकर फेडरेशन के सुनील बजाज तथा भारतीय बिलियर्ड्स एंड स्नूकर एसोसिएशन की उपाध्यक्ष अश्विनी पुराणिक ने विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को नगद पुरस्कार और आकर्षक ट्रॉफियां प्रदान कीं. इस अवसर पर टूर्नामेंट डायरेक्टर सुजीत गेहलोत, रेफरी अनंत तिवारी, पंकज नंदनवार, लक्ष्य गौहर एवं अविनाश मेहता का भी सम्मान किया गया। समारोह में 6 रेड स्नूकर, सीनियर बिलियर्ड्स तथा सीनियर स्नूकर वर्ग के विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया गया.

एक नजर में — कोकिलाबेन की विशेषज्ञता अब इंदौर में

गर्भ में पहचान से सफल ऑपरेशन तक, इंदौर में बच्चों के हृदय इलाज की पूरी सुविधा

बच्चों के हृदय उपचार की संपूर्ण सुविधा

नवभारत न्यूज

इंदौर. कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी अस्पताल, इंदौर में पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी एवं जन्मजात हृदय रोगों के उपचार की समर्पित सेवा शुरू की गई है. इस सेवा का नेतृत्व देश के वरिष्ठ पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. सुरेश राव, निदेशक, चिल्ड्रन हार्ट सेंटर एवं कंसल्टेंट, पीडियाट्रिक एवं कॉन्जेनिटल हार्ट सर्जन, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई करेंगे. यहां गर्भावस्था के दौरान जांच से लेकर नवजात शिशु के इलाज, आवश्यक सर्जरी और ऑपरेशन के बाद की देखभाल तक एक ही छत के नीचे संपूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाएगा.

डॉ. सुरेश राव ने बताया कि जन्मजात हृदय दोष बच्चों में जन्म से मौजूद सबसे सामान्य और गंभीर बीमारियों में से एक है. आधुनिक तकनीक के कारण अब गर्भावस्था के 18 से 22 सप्ताह के बीच ण इकोकार्डियोग्राफी (फीटल इको) के माध्यम से गर्भ में पल रहे शिशु के हृदय की विस्तृत जांच की जा सकती है. यदि किसी प्रकार की हृदय संबंधी समस्या का पता चलता है, तो प्रसव से पहले ही विशेषज्ञों की टीम उपचार की पूरी योजना तैयार कर लेती है. इंदौर में शुरू की गई इस सुविधा की सबसे बड़ी विशेषता मल्टी-डिसिप्लिनरी टीम है, जिसमें पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजिस्ट, फीटल मेडिसिन विशेषज्ञ, स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ, नवजात शिशु विशेषज्ञ, पीडियाट्रिक कार्डियक सर्जन, कार्डियक एनेस्थीसिया विशेषज्ञ और प्रशिक्षित आईसीयू टीम मिलकर काम करेगी. इस टीम में डॉ. अव्वैयम रतन पीडियाट्रिक कार्डियोथोरेसिक सर्जरी विशेषज्ञ तथा डॉ. ज्योति मसीनिया कार्डियक एनेस्थीसिया एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ भी शामिल हैं. यदि गर्भ में ही शिशु में हृदय संबंधी समस्या की पहचान हो जाती है, तो प्रसव की योजना से लेकर जन्म के तुरंत बाद इलाज, जरूरत पड़ने पर ऑपरेशन और उसके बाद की निगरानी तक पूरा उपचार इसी विशेषज्ञ टीम की देखरेख में किया जाएगा।

डॉ. राव ने कहा कि पहले मध्य प्रदेश के अधिकांश मरीजों को जटिल हृदय रोगों के इलाज के लिए मुंबई जैसे महानगरों का रुख करना पड़ता था, जिससे समय, आर्थिक संसाधन और मानसिक तनाव तीनों बढ़ जाते थे। अब इंदौर में ही विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध होने से मरीजों को अपने ही क्षेत्र में विशेषज्ञ उपचार मिल सकेगा.

प्रमुख विशेषज्ञ एवं अधिकारी

कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर के उपाध्यक्ष सुनील मेहता, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, मुंबई के चिल्ड्रन हार्ट सेंटर एवं कंसल्टेंट पीडियाट्रिक एवं कॉन्जेनिटल हार्ट सर्जन के निदेशक डॉ. सुरेश रावस पीडियाट्रिक कार्डियोथोरेसिक सर्जरी विशेषज्ञ डॉ. अव्वैयम रतन, कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल, इंदौर के सेंटर फॉर कार्डियक साइंसेस के निदेशक डॉ. अखिलेश कुमार जैन और कार्डियक एनेस्थीसिया एवं क्रिटिकल केयर विशेषज्ञ डॉ. ज्योति मसीनिया.

लैंड स्लाइड से थमे ट्रेनों के पहिए

इंदौर-दौंड सुपरफास्ट समेत कई ट्रेन प्रभावित

नवभारत न्यूज़

इंदौर. महाराष्ट्र में लगातार हो रही बारिश का असर रेल यातायात पर भी दिखाई देने लगा है. पुणे सेक्शन में लैंड स्लाइड के कारण रतलाम मंडल से होकर गुजरने वाली कुछ ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ है. रेलवे ने यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए इंदौर-दौंड सुपरफास्ट एक्सप्रेस सहित कुछ ट्रेनों को निरस्त किया है, जबकि दो ट्रेनों का मार्ग बदला गया है. रेलवे के अनुसार ट्रेन संख्या 22944 इंदौर-दौंड सुपरफास्ट एक्सप्रेस 25 से 27 जुलाई तक इंदौर से रवाना नहीं होगी. वहीं ट्रेन संख्या 22943 दौंड-इंदौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस 25 से 28 जुलाई तक दौंड से निरस्त रहेगी. इसके अलावा ग्वालियर-दौंड और दौंड-ग्वालियर एक्सप्रेस के मार्ग में भी बदलाव किया गया है. 25 जुलाई को ग्वालियर से चलने वाली ट्रेन संख्या 22194 ग्वालियर-दौंड एक्सप्रेस अब सूरत, पालधी, जलगांव और मनमाड होते हुए दौंड पहुंचेगी. इसी तरह 26 जुलाई को दौंड से चलने वाली ट्रेन संख्या 22193 दौंड-ग्वालियर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग दौंड, मनमाड, जलगांव, पालधी और सूरत होकर संचालित होगी.

भारी बारिश के कारण बदलाव

भारी बारिश और भूस्खलन के कारण यह बदलाव किया गया है. रेलवे अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है. मौसम और ट्रैक की स्थिति के आधार पर आगे भी ट्रेनों के संचालन में बदलाव संभव है. यात्रियों को सलाह दी गई है कि सफर शुरू करने से पहले ट्रेन की स्थिति की जानकारी जरूर प्राप्त कर लें. इसके लिए रेलवे की वेबसाइट और रेलवन ऐप के माध्यम से अपडेट लिया जा सकता है.